मुख्यालय
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल
पर्यावास भवन, सेक्टर – 19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक 1497 /स्था./छ.ग.प.सं.मं./2026 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 11/5/2026

–:: कार्यालय आदेश ::–

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा रसायनज्ञ के पद पर आपको कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रसायनज्ञ के पद पर वेतन मेट्रीक्स लेवल 8 में वेतनमान रू. 35400–112400 एवं समय–समय पर देय भत्ते में नियुक्त किया जाता है तथा उन्हें मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में पदस्थ किया जाता है :–

क्र	रोल नं.	चयनित उम्मीदवार का नाम	पिता का नाम	जन्मतिथी	पता
1	25020321	श्री चंद्र प्रकाश (अ.पि.व.)	श्री रवि शंकर	20.12.1996	मकान नं. 1068 सेक्टर–3, पी.एस. सिटी रोड़, चंगोराभाठा, रायपुर

1. उक्त कर्मचारी की परिवीक्षा अवधि, स्थाईकरण, वरिष्ठता आदि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्ते) नियम, 1961 एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल (तृतीय श्रेणी) सेवा (भर्ती तथा सेवा की शर्ते) विनियम, 2014 के अंतर्गत शासित होगी।
2. उपयुक्त पदाभिलाषी की नियुक्ति पुलिस चरित्र सत्यापन एवं मेडिकल बोर्ड से चिकित्सीय स्वस्थता प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रत्याशा में की जाती हैं। पुलिस चरित्र सत्यापन एवं मेडिकल बोर्ड द्वारा अयोग्य पाये जाने पर इनकी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जावेगी।
3. उपयुक्त पदाभिलाषी द्वारा दी गई जानकारी/प्रमाण पत्र यदि गलत पाये गये तो उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा से पृथक किया जा सकेगा तथा उसके विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता के प्रावधानों के अधीन कार्यवाही की जा सकेगी।
4. वर्तमान नियुक्ति अस्थाई है तथा उभय पक्ष द्वारा एक माह की लिखित पूर्व सूचना से सेवा समाप्त की जा सकेगी। एक माह की पूर्व सूचना के अभाव में एक माह का वेतन तथा भत्ता यथास्थिति देय अथवा वसूली योग्य होगा।
5. उपयुक्त नियुक्ति मान. उच्च न्यायालय, बिलासपुर में विचाराधीन याचिकाओं में पारित निर्णय के अध्यधीन होगी।
6. चयनित अभ्यर्थी को निर्देशित किया जाता है कि वे इस आदेश के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर कार्यभार ग्रहण करें। कार्यभार ग्रहण करते समय जाति, निवास तथा शैक्षणिक अर्हता संबंधी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जा सकें। समयावधि में कार्यभार ग्रहण न करने पर नियुक्ति आदेश निरस्त माना जावेगा।

प्रमाणित किया जाता है कि उपयुक्त पदों के संबंध में आरक्षण नियमों एवं आदेशों का पालन किया गया है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

क्रमांक 1498/स्था./छ.ग.प.सं.मं./2026 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 11/5/2026

प्रतिलिपि :–

1. विशेष सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन एवं अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अनुभाग अधिकारी (लेखा), छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित। ।
3. श्री चंद्र प्रकाश, मकान नं. 1068 सेक्टर–3, पी.एस. सिटी रोड़, चंगोराभाठा, रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. व्यक्तिगत नस्ती।

सदस्य सचिव

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल

नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)